# राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय समसामयिकी

# जनवरी, 2025


**संजीव वेबसाइट से निःशुल्क डाउनलोड करें**

राजस्थान, राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय समसामयिकी ( प्रत्येक माह )

साथ ही संजीव वेबसाइट से आप E-Book भी खरीद सकते हैं।

**visit us at : www.sanjivprakashan.com**

# राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय समसामयिकी जनवरी, 2025
# (Current News from Daily Newspapers)

## Newspaper of 1 January, 2025

- **31 दिसम्बर, 2024 को अमेरिकी स्पेस टेक्नोलॉजी कंपनी स्पेसएक्स ने फ्लोरिडा के कैनेडी स्पेस सेंटर से स्टारलिंक सैटेलाइट लॉन्च किया। यह स्पेसएक्स का वर्ष 2024 में 134वाँ सैटेलाइट था। पिछले साल (2023 में) स्पेसएक्स ने एक साल में 96 सैटेलाइट लॉन्च करने का रिकॉर्ड बनाया था।**
- **हाल ही में जिम्बाब्वे ने देश में मौत की सजा को खत्म कर दिया है। देश में आखिरी मौत की सजा दो दशक पहले 2005 में दी गई थी। जिम्बाब्वे के राष्ट्रपति एमर्सन म्नांगाग्वा ने संसद से एक विधेयक पारित होने के बाद इस कानून को मंजूरी दे दी। गौरतलब है कि वर्तमान में जिम्बाब्वे में 60 कैदियों को मौत की सजा सुनाई गई है, लेकिन अब नए कानून के अनुसार उन्हें मौत की सजा नहीं दी जाएगी।**

## Newspaper of 2 January, 2025

- **दिसम्बर, 2024 में देश का जीएसटी कलेक्शन ₹ 1.77 लाख करोड़ रहा–**

दिसम्बर, 2024 में देश का जीएसटी कलेक्शन 1.77 लाख करोड़ रुपए रहा है, जो गत वर्ष दिसम्बर, 2023 के 1.65 लाख करोड़ रुपए से 7.3% अधिक है। यूपीआई से लेनदेन भी 23.25 लाख करोड़ के 16.73 अरब हुए।

वर्ष 2024 का जीएसटी संग्रह एक नजर में–

| माह | जीएसटी कलेक्शन (लाख करोड़ रुपए में) | माह | जीएसटी कलेक्शन (लाख करोड़ रुपए में) |
|---|---|---|---|
| जनवरी | 1.72 | जुलाई | 1.82 |
| फरवरी | 1.68 | अगस्त | 1.75 |
| मार्च | 1.78 | सितम्बर | 1.73 |
| अप्रैल | 2.10 | अक्टूबर | 1.87 |
| मई | 1.73 | नवम्बर | 1.82 |
| जून | 1.74 | दिसम्बर | 1.77 |

- **एयर इंडिया ने घरेलू उड़ानों में भी वाई-फाई इंटरनेट कनेक्टिविटी सेवाएँ शुरू करने की घोषणा की–**

1 जनवरी, 2025 को एयर इंडिया ने एयरबस ए-350, बोइंग 787-9 और चुनिंदा एयरबस ए-321 नियो विमानों की घरेलू उड़ानों में वाई-फाई इंटरनेट कनेक्टिविटी सेवाएँ शुरू करने की घोषणा की। इस तरह एयर इंडिया घरेलू उड़ानों में यह सुविधा देने वाली पहली भारतीय एयरलाइन बन गई है। गौरतलब है कि जुलाई, 2024 में विस्तारा एयरलाइन ने अन्तर्राष्ट्रीय उड़ानों में वाई-फाई सेवा की शुरुआत की थी तथा नवम्बर, 2024 में विस्तारा का एयर इंडिया में विलय हो गया।

- **चीन ने सेना के लिए दुनिया का पहला मोबाइल बेस 5जी स्टेशन बनाया–**

हाल ही में चीन ने अपनी आर्मी को एडवांस करने के लिए दुनिया का पहला 5जी मोबाइल बेस स्टेशन बनाया है। इसका उपयोग युद्ध जैसी कठिन परिस्थितियों में किया जा सकता है। इसका निर्माण चाइना मोबाइल और पीपुल्स लिबरेशन आर्मी ने मिलकर किया है। यह 5जी मोबाइल बेस स्टेशन 3 किमी तक 10 हजार यूजर्स को तेज और सुरक्षित डेटा प्रदान करता है। इसको ऐसे स्थानों के लिए बनाया है जहाँ पहले से कोई भी बेस स्टेशन नहीं है। यह सिस्टम ड्रोन की मदद से बिना किसी परेशानी के काम करता है। इसे सेना के उपयोग के लिए बनाया गया है।

## Newspaper of 3 January, 2025

- **मनु भाकर, हरमनप्रीत सिंह, प्रवीण कुमार तथा डी गुकेश को ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार सहित 34 खिलाड़ियों को अर्जुन अवॉर्ड व द्रोणाचार्य अवॉर्ड देने की घोषणा हुई–**

2 जनवरी, 2025 को युवा मामले एवं खेल मंत्रालय ने राष्ट्रीय खेल पुरस्कारों की घोषणा कर दी। चार खिलाड़ी को खेल रत्न और 34 को अर्जुन अवॉर्ड से सम्मानित किया जाएगा, जिसमें दो को लाइफ टाइम अचीवमेंट अवॉर्ड मिलेगा। खेल रत्न की सूची में पेरिस ओलंपिक में दो कांस्य पदक जीतने वाली महिला निशानेबाज मनु भाकर का नाम भी शामिल है।

**मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार से सम्मानित होने वाले खिलाड़ी–**

- **मनु भाकर (22 साल) खेल : निशानेबाजी–** पेरिस ओलंपिक खेलों में निशानेबाज मनु भाकर ने दो कांस्य पदक जीते। वे एक ओलंपिक में दो कांस्य पदक जीतने वाली भारत की पहली महिला खिलाड़ी बनीं।

- **हरमनप्रीत सिंह (28 साल) खेल : हॉकी**–पेरिस ओलंपिक 2024 में भारतीय टीम ने कप्तान हरमनप्रीत की अगुआई में जबरदस्त प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक जीता। हरमनप्रीत 10 गोल के साथ टूर्नामेंट के टॉप स्कोरर रहे।
- **प्रवीण कुमार (21 साल) खेल : पैरा-एथलीट**–पेरिस पैरालंपिक 2024 में प्रवीन ने पुरुषों की टी-64 ऊँची कूद स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। वह 2020 टोक्यो ओलंपिक में रजत और 2022 एशियन पैरा गेम्स में स्वर्ण पदक भी जीत चुके हैं।
- **डी गुकेश (18 साल) खेल : शतरंज**–चेन्नई के रहने वाले गुकेश हाल ही में चीन के डिंग लिरेन को हराकर विश्व चैंपियन बने हैं। वह विश्व चैंपियन बनने वाले इतिहास के सबसे युवा और विश्वनाथन आनंद के बाद दूसरे भारतीय खिलाड़ी हैं।

**अर्जुन अवॉर्ड विजेता 34 खिलाड़ी–**

| खिलाड़ी | खेल |
|---|---|
| ज्योति याराजी | धाविका |
| अन्नू रानी | भालाफेंक |
| नीतू | मुक्केबाजी |
| स्वीटी | मुक्केबाजी |
| वंतिका अग्रवाल | शतरंज |
| सलीमा टेटे | हॉकी |
| अभिषेक | हॉकी |
| संजय | हॉकी |
| जरमनप्रीत सिंह | हॉकी |
| सुखजीत सिंह | हॉकी |
| राकेश कुमार | पैरा आर्चरी |
| प्रीति पाल | पैरा एथलीट |
| जीवनजी दीप्ति | पैरा एथलीट |

**खेल मंत्रालय** के मुताबिक 34 खिलाड़ियों को अर्जुन अवॉर्ड से सम्मानित किया जाएगा। इसमें 17 पैरा एथलीट हैं।

| | |
|---|---|
| अजीत सिंह | पैरा एथलीट |
| सचिन सरजेराव | पैरा एथलीट |
| धर्मवीर | पैरा एथलीट |
| प्रणव सूरमा | पैरा एथलीट |
| एच होकातो सेमा | पैरा एथलीट |
| सिमरन | पैरा एथलीट |
| नवदीप | पैरा एथलीट |
| नीतीश कुमार | पैरा बैडमिंटन |
| टी. मुरुगेसन | पैरा बैडमिंटन |
| नित्या श्री सुमति | पैरा बैडमिंटन |
| मनीषा रामदास | पैरा बैडमिंटन |
| कपिल परमार | पैरा जूडो |
| मोना अग्रवाल | पैरा निशानेबाज |
| रुबीना फ्रांसिस | पैरा निशानेबाजी |
| स्वप्निल कुसाले | निशानेबाज |
| सरबजोत सिंह | निशानेबाज |
| अभय सिंह | स्क्वैश |
| साजन प्रकाश | तैराकी |
| अमन सहरावत | कुश्ती |

**अर्जुन अवॉर्ड (लाइफटाइम)**

| खिलाड़ी | खेल |
|---|---|
| सुचा सिंह | एथलेटिक्स |
| मुरलीकांत पेटकर | पैरा तैराक |

**द्रोणाचार्य अवॉर्ड (नियमित)**

| नाम | खेल |
|---|---|
| सुभाष राणा | पैरा निशानेबाजी |
| दीपाली देशपांडे | निशानाबाजी |
| संदीप सांगवान | हॉकी |

**द्रोणाचार्य अवॉर्ड (लाइफटाइम)**

| नाम | खेल |
|---|---|
| एस मुरलीधरन | बैडमिंटन |
| अरमांडो कोलाको | फुटबॉल |

**अर्जुन अवॉर्ड** विजेता को 15 लाख रुपए, अर्जुन की मूर्ति और प्रशस्ति पत्र मिलता है।

- **2 जनवरी, 2025 को दुनिया की सबसे वृद्ध ओलंपिक चैम्पियन और हंगरी की पूर्व महिला जिम्नास्ट एग्नेस क्लेटी (103) का निधन हो गया। उन्होंने 10 ओलंपिक पदक जीते थे। इसमें 5 गोल्ड मेडल थे। उन्होंने 1952 में हेलसिंकी ओलंपिक और 1956 में मेलबर्न ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीते थे।**

**Newspaper of 5 January, 2025**

- **हाल ही में चीन में नई सीआर 450 हाई-स्पीड ट्रेन का सफल परीक्षण किया गया। यह 450 किमी. प्रति घंटे की रफ्तार तक पहुँच सकती है। इस ट्रेन का पायलट केबिन अत्याधुनिक तकनीक से लैस है। इसे प्लेन के कॉकपिट की तरह डिजाइन किया गया है।**

**Newspaper of 6 January, 2025**

- **भारत का वित्त वर्ष 2024-25 की प्रथम छमाही में औसत मासिक एफडीआई 38,595 करोड़ रुपए रहा–**

देश में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश वर्ष 2024-25 की पहली छमाही में पिछले साल की समान अवधि के मुकाबले 26% बढ़ा है।

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

केन्द्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने बताया कि वैश्विक अनिश्चितताओं और चुनौतियों के बावजूद पिछले साल भारत में औसत मासिक प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) प्रवाह 4.5 अरब डॉलर यानी 38,595 करोड़ रुपए से अधिक रहा। साल 2024 में जनवरी-सितम्बर की अवधि में देश में एफडीआई 42.13 अरब डॉलर यानी 3.61 लाख करोड़ रुपए से अधिक रहा, जो एक साल पहले की समान अवधि में 29.73 अरब डॉलर पर था।

- **स्टील कंपनियों के लिए एक और पीएलआई लॉन्च होगा–**

5 जनवरी, 2025 को केन्द्र सरकार ने स्टील सेक्टर के लिए उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन योजना (पीएलआई) का एक और दौर शुरू करने की तैयारी है। पीएलआई 1.1 योजना को स्टील मंत्री एचडी कुमारस्वामी लॉन्च करेंगे। इससे स्टील कंपनियों के हालात में सुधार होने की उम्मीद है। स्टील मंत्रालय के मुताबिक, पिछले साल नवम्बर तक भारतीय इस्पात कंपनियों ने पीएसआई योजना के तहत 18,300 करोड़ रुपए का निवेश किया है और 8,660 से अधिक रोजगार सृजित किए। स्टील मंत्रालय ने वित्त मंत्रालय से अनुरोध किया है कि केन्द्रीय बजट 2025-26 में तैयार स्टील उत्पादों पर आयात शुल्क 7.5% से बढ़ाकर 15% किया जाए, ताकि मेक इन इंडिया को बढ़ावा मिले। इससे चीन से सस्ता आयात बढ़ने के प्रतिकूल प्रभाव को कम किया जा सकता है।

- **केन्द्रीय गृह मंत्री ने भारतपोल पोर्टल लॉन्च किया–**

6 जनवरी, 2025 को केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भारतपोल पोर्टल लॉन्च किया। इसे इंटरपोल से संबंधित मुद्दों पर भारतीय एजेंसियों के साथ त्वरित समन्वय बनाने के लिए सीबीआई ने विकसित किया है। शाह ने कहा कि तीन नए आपराधिक कानूनों के तहत शुरू की गई आधुनिक प्रणालियाँ और भारतपोल जैसे तकनीकी हस्तक्षेप कानून प्रवर्तन एजेंसियों को भारत में अपराध करने के बाद विदेश भागे भगोड़ों को न्याय के कटघरे में लाने में सक्षम बनाएंगे। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने ट्रायल इन एब्सेंटिया का नया प्रावधान पेश किया है। यह प्रावधान दोषी अपराधियों को विदेशों से भारत में प्रत्यर्पित करने की प्रक्रिया को सरल बनाएगा।

शाह ने कहा कि भारतपोल सभी केन्द्रीय और राज्य कानून प्रवर्तन एजेंसियों को एक सामान्य पोर्टल पर लाएगा, जिससे इंटरपोल के माध्यम से अंतर्राष्ट्रीय सहायता के लिए सभी अनुरोधों के प्रसंस्करण को सुव्यवस्थित किया जाएगा।

- **प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नमो भारत ट्रेन के न्यू अशोक नगर से साहिबाबाद तक के खंड का शुभारम्भ किया–**

5 जनवरी, 2025 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नमो भारत ट्रेन के न्यू अशोक नगर से साहिबाबाद तक के खंड का शुभारंभ किया। इससे दिल्ली-एनसीआर के यात्री मेरठ तक का सफर कर सकेंगे। यह यात्रा मात्र 40 मिनट में पूरी हो सकेगी। मोदी ने साहिबाबाद से न्यू अशोक नगर तक ट्रेन में सफर किया और ट्रेन में मौजूद स्कूली बच्चों से भी बात की। इसी के साथ भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़े मेट्रो नेटवर्क वाला देश बन गया है।

## Newspaper of 7 January, 2025

- **मिजोरम में जन्मा 'जेन बीटा' का पहला भारतीय बच्चा–**

हाल ही में भारत में 'जेनरेशन बीटा' के पहले बच्चे का जन्म मिजोरम की राजधानी आइजोल में हुआ है। उसका नाम फ्रेंकी रखा है। फ्रेंकी का जन्म एक जनवरी शुरू होने के तीन मिनट बाद यानी 12.03 बजे हुआ। आमतौर पर पीढ़ियों में बदलाव करीब 20 साल में होता है, लेकिन इस बार 11 साल के अंतराल पर ही जेन बीटा आ गई। इस पीढ़ी की शुरुआत एक जनवरी, 2025 से हो गई है। अब 2039 तक पैदा होने वाले बच्चे इसी पीढ़ी में गिने जाएँगे।

जेनरेशन बीटा उस पीढ़ी को कहा गया है, जो इंटरनेट से जुड़ी तमाम सुविधाओं के बीच पैदा हुई। होम डिलीवरी, टीवी, इंटरनेट समेत तमाम सुविधाएँ बच्चे तक एक क्लिक पर हासिल कर सकते हैं। इससे पहले 2013 से 2024 तक पैदा हुए बच्चों को 'जेनरेशन अल्फा' कहा गया। इस पीढ़ी को जन्म के साथ हाइस्पीड इंटरनेट की सुविधा मिली।

**ऑस्ट्रेलिया के मार्क मैक्रिंडल ने गढ़ा नाम–**

जेनरेशन बीटा नाम ऑस्ट्रेलिया के समाज विज्ञानी मार्क मैक्रिंडल ने गढ़ा है। उनके मुताबिक 2025 से 2039 तक का दौर तकनीकी के लिहाज से अहम होगा। वर्ष 1965 से 1979 तक पैदा बच्चों को जेनरेशन एक्स कहा गया था। इस पीढ़ी के दौर में ही इंटरनेट की शुरुआत हुई। फिर 1981 से 1996 तक जेनरेशन वाई थी। इस पीढ़ी के लोगों ने तकनीक के साथ खुद को बदला और हर चीज से अपडेट होते रहे।

**सांस्कृतिक-आर्थिक-तकनीकी आधार–**

आमतौर पर एक पीढ़ी 15 से 20 साल की अवधि की होती है। पीढ़ी का नामकरण उस दौर की सांस्कृतिक, आर्थिक और तकनीकी घटनाओं के आधार पर होता है। मसलन 1901 से 1924 के दौरान पैदा हुई पीढ़ी को ग्रेटेस्ट जेनरेशन कहा गया, क्योंकि उसने महामंदी और द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान जीवनयापन किया।

- **आईआईटी मद्रास में एशिया का सबसे बड़ा शैलो वेव बेसिन अनुसंधान केन्द्र शुरु हुआ–**

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान मद्रास (आईआईटी मद्रास) में एशिया का सबसे बड़ा शैलो वेव बेसिन अनुसंधान केन्द्र खुला

है। यह केन्द्र आईआईटी मद्रास से लगभग 36 किलोमीटर दूर थाईयूर स्थित 'डिस्कवरी' सैटेलाइट कैंपस में है। यह केन्द्र भारतीय बंदरगाहों, जलमार्गों और तटीय इंजीनियरिंग की चुनौतियों का समाधान देने में सक्षम है। यह एक मल्टी-डायरेक्शनल शैलो वेव बेसिन है जो जटिल तरंग और धारा के बीच परस्पर प्रतिक्रियाओं पर काम कर सकता हैं।

## ■ छह वर्षीय रेयांश ने समुद्र में 15 किमी तैरकर बनाया रिकॉर्ड; ऐसा करने वाले सबसे युवा तैराक बने–

भारत के छह वर्षीय तैराक रेयांश खामकर ने सभी को चौंकाते हुए समुद्र में 15 किमी की दूरी तैरकर पूरी की। वह सबसे कम उम्र में 15 किलोमीटर की दूरी पूरी करने वाले तैराक बन गए हैं। रेयांश ने विजयदुर्ग में मालपे जेट्टी से वाघोटन जेट्टी तक की 15 किमी की दूरी तीन घंटे में पूरी की। उनकी इस उपलब्धि को इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड में जगह मिली है। उन्होंने अपने पहले ही प्रयास में यह उपलब्धि हासिल की।

## ■ माइक्रोसॉफ्ट के सीईओ नडेला ने की पीएम मोदी से मुलाकात–

6 जनवरी, 2025 को माइक्रोसॉफ्ट के सीईओ सत्या नडेला ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की। मोदी ने मुलाकात के बाद सोशल मीडिया पर कहा कि हमारे बीच तकनीक, नवाचार और एआई के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा करना अद्भुत था। नडेला ने भी एक्स पर लिखा कि मैं भारत को एआई प्रथम बनाने की दिशा में साथ मिलकर काम करने के लिए उत्साहित हूँ।

## ■ इटली में सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान प्रतिबंधित–

फैशन व स्टाइल हब के रूप में दुनियाभर में मशहूर इटली के शहर मिलान में सड़कों, पार्कों व बाहरी क्षेत्रों सहित सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान करते हुए पकड़े जाने पर 40 से 240 यूरो (लगभग 3,500 रुपए से 21,000 रुपए) तक का जुर्माना लगा दिया गया है। वायु प्रदूषण से जूझ रहा मिलान इटली का पहला शहर है जिसने इस तरह के व्यापक आउटडोर प्रतिबंध लागू किए हैं। हालांकि, इस प्रतिबंध में वेप्स और इलेक्ट्रॉनिक सिगरेट को शामिल नहीं किया गया है।

**Newspaper of 8 January, 2025**

## ■ वी. नारायण को अगला इसरो का प्रमुख बनाया–

हाल ही में वरिष्ठ अंतरिक्ष विज्ञानी और क्रायोजनिक इंजन के विशेषज्ञ वी. नारायणन को भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) का नया अध्यक्ष/प्रमुख बनाया है। वी. नारायणन इसरो के मौजूदा प्रमुख एस. सोमनाथ का स्थान लेंगे। सोमनाथ 14 जनवरी को सेवानिवृत्त होंगे। नारायणन फिलहाल तमिलनाडु के महेंद्रगिरि स्थित इसरों के तरल प्रणोदन केन्द्र (एलपीएससी) के निदेशक हैं। केन्द्रीय मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने नारायणन के इसरो अध्यक्ष और अंतरिक्ष विभाग के सचिव के तौर पर नियुक्ति को अनुमोदित कर दिया है। वह 14 जनवरी से दो साल या अगले आदेश तक पद पर रहेंगे।

## ■ राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) ने 2024-25 के लिए पहला अग्रिम अनुमान जारी किया; भारतीय अर्थव्यवस्था 4 साल में सबसे सुस्त; 2024-25 में 6.4% बढ़ेगी जीडीपी –

भारतीय अर्थव्यवस्था वित्त वर्ष 2024-25 में 6.4% की दर से बढ़ने का अनुमान है, जो पिछले 4 साल की सबसे धीमी जीडीपी ग्रोथ रेट है। वित्त वर्ष 2023-24 में देश की अर्थव्यवस्था 8.2% बढ़ी थी। राष्ट्रीय सांख्यिकीय कार्यालय (एनएसओ) ने 2024-25 के लिए पहला अग्रिम अनुमान जारी करते हुए कहा कि रियल जीडीपी ग्रोथ रेट 6.4% और नॉमिनल जीडीपी ग्रोथ रेट 9.7% की दर से बढ़ने का अनुमान है। यह आरबीआई के अनुमान से कम है। केंद्रीय बैंक ने वर्ष 2024-25 में जीडीपी के 6.6% की दर से बढ़ने का अनुमान जताया है।

एनएसओ के मुताबिक, खरीफ फसलों के अच्छे उत्पादन से 2024-25 में कृषि की ग्रोथ रेट 3.8% रहेगी, जो 2023-24 में केवल 1.4% बढ़ी थी। एग्रीकल्चर और सरकारी प्रशासनिक सेवाओं को छोड़ सभी सेक्टर्स के उत्पादन में गिरावट का अनुमान है। मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर से लेकर कोयला, बिजली, सीमेंट आदि के उत्पादन में गिरावट से वृद्धि दर सुस्त हुई है। अर्थशास्त्रियों का कहना है कि वैश्विक मंदी, बढ़ती महंगाई और उपभोक्ता खर्च में कमी से जीडीपी ग्रोथ दर पर दबाव बना है।

**पाँच साल में ऐसे बढ़ी देश की अर्थव्यवस्था**

| वर्ष | जीडीपी ग्रोथ | ग्रॉस वेल्यू ऐडेड (जीवीए) |
|---|---|---|
| 2020-21 | –5.8% | – 4.1% |
| 2021-22 | 9.7% | 9.4% |
| 2022-23 | 7.0% | 6.7% |
| 2023-24 | 8.2% | 7.2% |
| 2024-25 | 6.4% | 6.4% |

**प्रति व्यक्ति आर्थिक पैरामीटर–**

| विवरण | राशि | बढ़ोत्तरी |
|---|---|---|
| प्रति व्यक्ति जीडीपी | 2,30,195 | 8.7% |
| प्रति व्यक्ति सकल राष्ट्रीय आय | 2,26,627 | 8.6% |
| प्रति व्यक्ति औसत खर्च (खपत) | 1,42,256 | 11.3% |

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

- **हाल ही में 'जॉन महामा' तीसरी बार घाना देश के राष्ट्रपति चुने गए हैं। उन्होंने नाना अकुफो एडो की जगह ली है। 65 वर्षीय महामा इससे पहले 2012 और 2017 में भी घाना के राष्ट्रपति रह चुके हैं। गौरतलब है कि घाना देश काफी लंबे समय से आर्थिक संकट से जूझ रहा है।**

## Newspaper of 9 January, 2025

- **हाल ही में भारत और मालदीव ने व्यापक आर्थिक और समुद्री सुरक्षा साझेदारी की दिशा में द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ाने की प्रतिबद्धता व्यक्त की है। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह और मालदीव के रक्षा मंत्री मोहम्मद घासन मौमून ने नई दिल्ली में 8 जनवरी, 2025 को द्विपक्षीय वार्ता के दौरान यह प्रतिबद्धता जताई।**

## Newspaper of 10 January, 2025

- **महाकुंभ पर देश और दुनिया के कई संस्थान शोध करेंगे–**

**प्रयागराज**–दुनिया का सबसे बड़ा धार्मिक–सांस्कृतिक आयोजन महाकुंभ अब वैश्विक शोध का विषय भी बन चुका है। देश और दुनिया के प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय और संस्थान इस बार महाकुंभ के विभिन्न पहलुओं पर शोध करेंगे। इनमें हार्वर्ड विश्वविद्यालय, स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय और बिल एंड मेलिंडा गेट्स फाउंडेशन जैसे संस्थान शामिल हैं। ये प्रबंधन, सामाजिक–आर्थिक प्रभाव, पर्यावरणीय चुनौतियों, पर्यटन और डिजिटल प्रौद्योगिकी के इस्तेमाल पर अध्ययन करेंगे। शोध के लिए यूपी सरकार ने शोधकर्ताओं व शिक्षाविदों से प्रस्ताव मांगे थे। हार्वर्ड यूनिवर्सिटी प्रतिभागियों के लिए भोजन और पेयजल के साथ अवसंरचना प्रबंधन पर, लखनऊ विश्वविद्यालय तीर्थ व भूगोल पर, आईआईएम इंदौर पर्यटन, मीडिया की भूमिका व सोशल मीडिया प्रबंधन पर, जेएनयू सामाजिक–सांस्कृतिक प्रभाव व दिल्ली विश्वविद्यालय दार्शनिक व राष्ट्रीय एकता के पहलुओं पर शोध करेगा।

**बिल–मेलिंडा गेट्स फाउंडेशन भी शामिल**

**बिल** एंड मेलिंडा गेट्स फाउंडेशन महाकुंभ के पर्यावरणीय दस्तावेजीकरण पर अध्ययन करेगा। आईआईटी मद्रास जल व अपशिष्ट प्रबंधन का आकलन करेगा। संस्कृति फाउंडेशन हैदराबाद पर्यावरण संरक्षण के प्रति तीर्थयात्रियों की संवेदनशीलता पर फोकस करेगा। स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय (बिल एंड मेलिंडा गेट्स फाउंडेशन के साथ) महाकुंभ के आर्थिक और सामाजिक प्रभाव का अध्ययन करेगा।

**यूनेस्को की अमूर्त सांस्कृतिक धरोहर**

महाकुंभ को 2017 में यूनेस्को ने अमूर्त सांस्कृतिक धरोहर का दर्जा दिया था। यह खगोलशास्त्र, ज्योतिष, आध्यात्मिकता और सामाजिक–सांस्कृतिक परंपराओं का संगम है। महाकुंभ के लिए प्रयागराज में अस्थायी नगरी का निर्माण किया जा रहा है। यह आधुनिक नगर नियोजन, बुनियादी ढाँचे और प्रबंधन का उत्कृष्ट उदाहरण है।

## Newspaper of 11 January, 2025

- **भारत अगले वर्ष राष्ट्रमंडल देशों के सम्मेलन का मेजबान होगा; एआई पर फोकस रहेगा–**

हाल ही में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि अगले साल भारत में होने वाले 28वें कॉमनवेल्थ देशों की संसदों के अध्यक्षों व पीठासीन अधिकारियों के सम्मेलन (सीएसपीओसी) का मुख्य फोकस संसदों के कामकाज में एआई और सोशल मीडिया के अनुप्रयोग पर होगा।

भारत दुनिया की पाँचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था व स्टार्टअप के लिए तीसरा बड़ा इकोसिस्टम है। भारत कृषि, फिनटेक, एआई, अनुसंधान व नवाचार जैसे क्षेत्रों में परिवर्तन से गुजर रहा है, भारत के पास अब विश्वस्तरीय बुनियादी ढाँचा और सेवा क्षेत्र है। बिरला ने जलवायु परिवर्तन, आतंकवाद और साइबर अपराध जैसी वैश्विक चुनौतियों से निपटने पर बल दिया।

सीएसपीओसी मेजबान के रूप में भारत को चुने जाने से भारत को अपनी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत साझा करने का अवसर मिलेगा।

- **केन्द्र सरकार की वन्यजीव समिति ने पूर्वी लद्दाख में रणनीतिक निर्माण को मंजूरी दी–**

हाल ही में केन्द्र सरकार की वन्यजीव समिति ने वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) के पास पूर्वी लद्दाख में सैनिकों, गोला–बारूद भंडारण और संचार नेटवर्क के लिए बुनियादी ढाँचे के निर्माण के कई प्रस्तावों को मंजूरी दे दी है। रक्षा मंत्रालय के अनुसार, चांगथांग के अधिक ऊँचाई वाले शीत मरुस्थल वन्यजीव अभयारण्य और काराकोरम नुब्रा श्योक वन्यजीव अभयारण्य में विकसित किए जाने वाले नए बुनियादी ढाँचे का उद्देश्य गोला–बारूद की पहुँच में तेजी लाना और त्वरित अभियानगत तैनाती सुनिश्चित करना है।

उल्लेखनीय है कि भारत और चीन के बीच पूर्वी लद्दाख में 54 महीने तक सैन्य गतिरोध रहा, जो मई 2020 में गलवान घाटी में दोनों देशों के सैनिकों के बीच झड़प के बाद शुरू हुआ था। यह गतिरोध पिछले साल अक्टूबर में समाप्त हुआ था।

- **राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 27 लोगों को प्रवासी भारतीय सम्मान पुरस्कार दिए–**

10 जनवरी, 2025 को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने भुवनेश्वर में संपन्न 18वें प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन में 27 लोगों को प्रतिष्ठित प्रवासी भारतीय सम्मान पुरस्कार से सम्मानित किया।

मुर्मू ने सभी पुरस्कार विजेताओं को बधाई दी और उनकी सराहना की। उन्होंने पुरस्कार प्राप्तकर्ताओं में शामिल त्रिनिदाद और टोबैगो की राष्ट्रपति क्रिस्टीन कार्ला कंगालू को विशेष रूप से धन्यवाद दिया।

## Newspaper of 13 January, 2025

### ■ दिमाग पढ़ने वाला टूल लॉन्च, जो भी सोचेंगे फोन में हो जाएगा रिकॉर्ड–

हाल ही में अमेरिका के लास वेगास में हाइटेक गैजेट के दुनिया के सबसे बड़े सम्मेलन कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक शो (सीईएस) का समापन हो गया है। इस चार दिवसीय शो में नई टेक्नोलॉजी पर आधारित टीवी–लैपटॉप जैसे इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों के साथ अद्भुत तकनीक वाले डिवाइस, यूनिक और इनोवेटिव कंसेप्ट्स के साथ एआई–पावर्ड डिवाइस और रोबोट्स ने लोगों का ध्यान खींचा। ये डिवाइस न केवल तकनीकी प्रगति और बदलती दुनिया के प्रतीक हैं, बल्कि यह भी दिखाते हैं कि भविष्य में हमारी जिंदगी कितनी आसान हो सकती है।

**कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स शो में लॉन्च ये डिवाइस भविष्य में हमारी जिंदगी को स्मार्ट और आसान बनाएंगे।**

**ओमी एआई पढ़ेगा दिमाग:** सैन फ्रांसिस्को की कंपनी ओमी एआई ने ओमी एआई कंपेनियन टूल लॉन्च किया है। यह डिवाइस यूजर के स्मार्टफोन से कनेक्ट होने के बाद उसके आसपास की गतिविधियों को सुन सकती है। यूजर जो भी सोचेगा उसे फोन पर रिकॉर्ड कर सकती है। उसके लिए नोट्स बना सकती है। कंपनी का दावा है कि ओवर–द–एयर अपडेट के साथ यह डिवाइस उपयोगकर्ता के विचारों को भी पढ़ने में सक्षम होगा।

**इलेक्ट्रिक चम्मच बढ़ाएगा स्वाद:** अगर खाने में नमक कम है या नमक है ही नहीं तो भी यह इलेक्ट्रिक चम्मच खाने को नमकीन बना देता है। इसे जापानी कंपनी किरिन ने लॉन्च किया है। यह चम्मच जब जीभ को टच करता है तो हल्का इलेक्ट्रिक प्रवाह उत्पन्न करता है, जो भोजन में सोडियम आयन को सक्रिय कर देता है।

**दिव्यांगता नहीं बनेगी बाधा:** ह्यूमन इन मोशन रोबोटिक्स कंपनी ने पहनने वाला ऐसा रोबोट पेश किया है, जिसकी मदद से व्हील–चेयर पर बैठे लोग भी आसानी से चल सकते हैं। कंपनी ने कहा, ऐसे लोग जो नर्वस सिस्टम में किसी खराबी, स्पाइनल कॉर्ड इंजरी, स्ट्रोक या किसी अन्य कारण से उठने–बैठने या चलने में असमर्थ हैं, यह रोबोट उन्हीं के लिए है।

**बधिर भी सुन सकेंगे:** स्मार्ट वियरेबल्स कंपनी जैंडर ग्लासेस एक ऐसा चश्मा लाई है, जिसे पहनकर सुनने में अक्षम लोग भी बातें सुन सकेंगे। यानी यह चश्मा आसपास की आवाज को कैप्चर करके उसे तुरंत टेक्स्ट में बदल देता है। यह टेक्स्ट चश्मे के लेंस पर डिस्प्ले होता है, जिससे बधिर लोग समझ सकेंगे कि लोग क्या बात कर रहे हैं।

**उड़ने वाली बाइक:** स्पोर्ट्स व्हीकल कंपनी रिक्टर ने अपनी उड़ने वाली बाइक स्काईराइडर एक्स 1 पेश कर तहलका मचा दिया है। स्काईराइडर एक्स 1 इलेक्ट्रिक बाइक आम बाइक की तरह सड़क पर चलने के साथ उड़ भी सकती है। यह बाइक 100 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से लगातार 40 मिनट तक उड़ान भर सकती है।

**पालतू जानवर अब खोएंगे नहीं:** ग्लोकल मी एक ऐसा डिवाइस लाई है, जिससे डॉग–कैट जैसे पालतू जानवर अब गुम नहीं होंगे या खोएंगे नहीं। इस डिवाइस को पैट के कॉलर से जोड़ा जाता है। यह जीपीएस ट्रैकिंग तकनीक से रियल–टाइम में जानवर को ट्रैक कर सकती है। इस शो में कई तरह के पैटबॉट यानी पैट रोबोट भी लॉन्च हुए, जो आपके साथी बन सकते हैं।

**एआई रोबोट आरिया:** रियलबोटिक्स कंपनी की एआई रोबोट आरिया इंसान की भावनाओं को समझकर आपसे बातचीत करने के साथ बुजुर्गों का ख्याल रखने और ऑफिस के काम में भी मदद कर सकती है। इसे मेल–फीमेल में बदल सकते हैं। यह छूने पर आपके अहसास को समझती है। इसमें स्किन टच सेंसर लगे हैं।

## Newspaper of 14 January, 2025

### ■ पीएम नरेन्द्र मोदी ने श्रीनगर–लेह राजमार्ग पर ₹2700 करोड़ की लागत से बनी जेड–मोड़ सुरंग का उद्घाटन किया; वर्षभर सड़क मार्ग से लद्दाख जाना आसान होगा–

13 जनवरी, 2025 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जम्मू–कश्मीर के गांदरबल जिले में श्रीनगर–लेह राजमार्ग–1 पर 2700 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित जेड मोड़ सुरंग (सोनमर्ग सुरंग) का उद्घाटन किया। 6.4 किलोमीटर लंबी डबल लेन टनल श्रीनगर को सोनमर्ग से जोड़ेगी।

सुरंग बनने के बाद हर मौसम में कनेक्टीविटी बनी रहेगी। समुद्र तल से 5652 फीट की ऊँचाई पर बनी जेड मोड़ सुरंग जोजिला सुरंग परियोजना का महत्त्वपूर्ण हिस्सा है। यह लद्दाख को सालभर सड़क मार्ग से जोड़ने के साथ देश की रक्षा जरूरतों और क्षेत्रीय विकास में अहम भूमिका निभाएगी। आपातकालीन परिस्थितियों के लिए इसमें 7.5 मीटर चौड़ा समानांतर मार्ग है।

## Newspaper of 15 January, 2025

### ■ भारतीय सेना के बेड़े में 'फ्लाइंग टॉय'–साउंड प्रूफ ब्लैक हार्नेट नैनो ड्रोन शामिल हुआ–

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

हाल ही में भारतीय सेना ने 'फ्लाइंग टॉय' के रूप मे पहचाने जाने वाले साउंड प्रूफ ब्लैक हॉर्नेट नैनो ड्रोन को अपने बेड़े में शामिल किया है। यह सीमा पर दुश्मनों की हरकत पर पैनी नज़र रखेगा। जम्मू-कश्मीर के अखनूर के टांडा में आयोजित नौवें वेटरन्स-डे पर इस नैनो ड्रोन को प्रदर्शित किया गया।
ब्लैक हॉर्नेट नैनो ड्रोन मात्र 33 ग्राम का है। यह मूल रूप से छोटे हेलिकॉप्टर जैसा है, जो बिना आवाज आसमान में उड़ते कीट की तरह नजर आता है। इसमें दो कैमरे लगे हैं, जो रंगीन फोटो रियल टाइम भेजने में सक्षम है। यह किसी भी बिल्डिंग में एक खिड़की तक पहुँचकर सूचनाएँ भेज सकता है।

## Newspaper of 16 January, 2025

■ **प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मुम्बई नौसेना डॉकयार्ड में आईएनएस सूरत, नीलगिरि और वाघशीर देश को समर्पित किए–**

15 जनवरी, 2025 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मुम्बई के नौसेना डॉकयार्ड में तीन लड़ाकू पोत आईएनएस सूरत (डिस्ट्रॉयर) आईएनएस नीलगिरि (स्टेल्थ फ्रिगेट) और आईएनस वाघशीर (सबमरीन) राष्ट्र को समर्पित किए। 15 जनवरी आर्मी-डे के रूप में मनाया जाता है। देश में पहली बार डिस्ट्रॉयर, फ्रिगेट और सबमरीन को एक साथ कमीशन किया गया है। ये तीनों मेड इन इंडिया हैं।
**आईएनएस सूरत (डिस्ट्रॉयर)** लंबाई: 164 मी., वजन: 7400 टन आधुनिक नेटवर्क, हथियारों और सेंसर से लैस।
**आईएनएस नीलगिरि (स्टेल्थ फ्रिगेट)** लंबाई: 149 मी., वजन: 6670 टन, नई जनरेशन का जहाज। लंबे समय तक समुद्र में रहने की क्षमता। हेलिकॉप्टर उतर सकते हैं।
**आईएनएस वाघशीर (सबमरीन)** लंबाई: 67 मी., वजन: 1550 टन डीजल इलेक्ट्रिक सबमरीन। गाइडेड टॉरपीडो व एंटीशिप मिसाइल से लैस।

■ **भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने वनडे क्रिकेट में भारत का सर्वोच्च स्कोर (435 रन) बनाया–**

15 जनवरी, 2025 को भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने आयरलैंड के खिलाफ तीसरे वनडे में रेकॉर्ड्स की झड़ी लगाते हुए 5 विकेट पर 435 रन बनाए, जो इस फॉर्मेट में भारत का सर्वोच्च स्कोर है। भारतीय पुरुष टीम भी इस आँकड़े तक नहीं पहुँच पाई है। महिला टीम ने यह कमाल कर दिखाया। जवाब में आयरलैंड की टीम 31.4 ओवर में 131 रन बनाकर ऑलआउट हो गई और मेजबान ने यह मुकाबला 304 रन से जीत कर सीरीज में 3-0 से क्लीन स्वीप किया।
भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान स्मृति मंधाना ने मात्र 70 गेंदों पर शतक पूरा करते हुए 135 रन बनाए यह भारतीय महिला वनडे क्रिकेट के इतिहास में सबसे तेज शतक है।

**वनडे में भारत के सबसे तेज शतक**

| खिलाड़ी | गेंद | विरुद्ध | वर्ष |
|---|---|---|---|
| स्मृति मंधाना | 70 | आयरलैंड | 2025 |
| हरमनप्रीत | 87 | द. अफ्रीका | 2024 |
| हरमनप्रीत | 90 | ऑस्ट्रेलिया | 2017 |
| जेमिमा | 90 | आयरलैंड | 2025 |

**वनडे में टॉप 3 भारतीय स्कोरर**

| खिलाड़ी | विरुद्ध | रन | स्थान | वर्ष |
|---|---|---|---|---|
| दीप्ति शर्मा | आयरलैंड | 188 | पोचेफस्ट्रूम | 2017 |
| हरमनप्रीत | ऑस्ट्रेलिया | 171 | डर्बी | 2017 |
| प्रतिका | आयरलैंड | 154 | राजकोट | 2025 |

■ **सर्बिया के स्टार टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच सर्वाधिक (430) ग्रैंड स्लेम मैच (पुरुष-महिला) खेलने वाले खिलाड़ी बने–**

हाल ही में सर्बिया के स्टार टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच ओपन एरा में सर्वाधिक एकल ग्रैंड स्लेम मैच (पुरुष-महिला) खेलने वाले खिलाड़ी बन गए है। टूर्नामेंट में सातवीं सीड जोकोविच ने कुल 430वां ग्रैंड स्लेम मुकाबला खेला और स्विट्जरलैंड के पूर्व दिग्गज खिलाड़ी रोजर फेडरर (429 मैच) को पीछे छोड़ा।
इन्होंने अपने करियर में कुल 24 ग्रैंड स्लेम जीते हैं।

**नोवाक जोकोविच 400 ग्रैंड स्लेम मैच खेलने वाले तीसरे खिलाड़ी बने–**

जोकोविच 400 ग्रैंड स्लेम एकल मैच खेलने वाले कुल तीसरे खिलाड़ी बने। स्विट्जरलैंड के फेडरर व अमेरिकी महिला खिलाड़ी सेरेना विलियम्स भी इसमें शामिल हैं।

**नोवाक के नाम सर्वाधिक जीत भी**

| खिलाड़ी | देश | मैच | जीते | हारे |
|---|---|---|---|---|
| जोकोविच | सर्बिया | 430 | 379 | 51 |
| फेडरर | स्विट्जरलैंड | 429 | 369 | 60 |
| सेरेना विलियम्स | अमेरिका | 423 | 304 | 119 |

## Newspaper of 17 January, 2025

■ **केन्द्र सरकार ने आठवें वेतन आयोग के गठन को मंजूरी दी–**

16 जनवरी, 2025 को केन्द्र सरकार ने आठवें वेतन आयोग के गठन को मंजूरी देने का ऐलान कर दिया। आयोग की रिपोर्ट के आधार पर इससे कर्मचारियों की सैलरी और पेंशनधारकों की पेंशन में इजाफा होगा। सूचना-प्रसारण मंत्री अश्विनी

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

वैष्णव के बताए अनुसार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में मंत्रिमण्डल की बैठक में 8वें वेतन आयोग के गठन को मंजूरी देने का फैसला किया गया। आयोग के अध्यक्ष और दो सदस्यों की नियुक्ति जल्द की जाएगी।

आयोग 2026 तक रिपोर्ट सौंप देगा। सरकार की ओर से आमतौर पर हर 10 साल में कर्मचारियों के वेतन ढाँचे को संशोधित करने के लिए वेतन आयोग का गठन किया जाता है। इस फैसले से केन्द्र सरकार के एक करोड़ से अधिक कर्मचारियों और पेंशनर्स को फायदा होगा।

- **केन्द्रीय मंत्रिमण्डल ने आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा में सतीश धवन अंतरिक्ष केन्द्र में तीसरे लॉन्च पैड के निर्माण को मंजूरी दे दी। इस परियोजना पर 3,985 करोड़ रुपए की लागत आएगी। परियोजना के तहत इसरो के 'नेक्स्ट जेनरेशन लॉन्च व्हीकल' के लिए लॉन्च ढाँचा तैयार किया जाएगा। यह श्रीहरिकोटा में दूसरे लॉन्च पैड के लिए बैकअप पैड के रूप में भी काम करेगा।**

- **स्पेडेक्स मिशन में इसरो ने अंतरिक्ष में दो सैटेलाइट जोड़े; ऐसा करने वाला अमेरिका, चीन और रूस के बाद भारत दुनिया का चौथा देश बना–**

16 जनवरी, 2025 को भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने नया इतिहास रच स्पेडेक्स (स्पेस डॉकिंग एक्सरसाइज) मिशन के तहत दो सैटेलाइट को अंतरिक्ष में सफलतापूर्वक जोड़ने (डॉकिंग) की प्रक्रिया पूरी की। अमेरिका, रूस और चीन के बाद भारत यह महारत हासिल करने वाला चौथा देश बन गया है।

यह मिशन इसरो के महत्त्वाकांक्षी अंतरिक्ष अभियानों के लिए मील का पत्थर साबित होगा। मिशन के तहत पहले दोनों सैटेलाइट को 20 किलोमीटर की दूरी पर रखा गया। चेजर सैटेलाइट ने टारगेट सैटेलाइट के बीच 5 किमी, 1.5 किमी, 500 मीटर, 225 मीटर, 15 मीटर और अंतत: 3 मीटर तक की दूरी तय की। इसके बाद दोनों सैटेलाइट को जोड़ा गया।

- **भारत के गणतंत्र दिवस 2025 पर मुख्य अतिथि इंडोनेशियाई राष्ट्रपति होंगे–**

इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबिआंतो भारत के गणतंत्र दिवस समारोह 2025 के मुख्य अतिथि होंगे। वे 25 जनवरी को भारत की राजकीय यात्रा पर आएंगे। विदेश मंत्रालय ने बताया कि राष्ट्रपति के रूप में यह उनकी पहली भारत यात्रा होगी। भारत द्वारा चिंता जताए जाने के बाद सुबियांतो के भारत दौरे के तुरंत बाद पाकिस्तान जाने की संभावना नहीं है। पहले नई दिल्ली के बाद उनकी पाकिस्तान जाने की योजना थी।

- **वडनगर में देश का पहला पुरातत्त्व अनुभव म्यूजियम शुरू हुआ; 12,500 वर्गमीटर क्षेत्र में 300 करोड़ की लागत से तैयार हुआ–**

16 जनवरी, 2025 को गुजरात के वडनगर में 300 करोड़ रुपए की लागत से देश का पहला पुरातत्त्व अनुभव म्यूजियम शुरू हुआ। केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने इसका लोकार्पण किया। गुजरात के मेहसाणा जिले का वडनगर प्राचीन शहर है। इसे देश में बनाए जा रहे बौद्ध सर्किट से भी जोड़ा गया है।

पुरातत्त्व अनुभव संग्रहालय देश में विकसित अपनी तरह का पहला ऐसा संग्रहालय है, जहाँ आगंतुकों को पुरातात्त्विक स्थल का अनुभव होगा। इसमें वडनगर के 2,500 साल पुराने समृद्ध सांस्कृतिक इतिहास को पाँच हजार पुरातात्त्विक अवशेषों के जरिए दर्शाया गया है। ये अवशेष पुरातत्त्व विभाग को खुदाई में मिले थे। संग्रहालय 12,500 वर्गमीटर क्षेत्र में बनाया गया है। यहाँ ऑडियो-वीडियो के जरिए पर्यटकों को वडनगर की संस्कृति से रू-ब-रू कराया जाएगा।

**4000 वर्ग मीटर में उत्खनन स्थल भी**

संग्रहालय में मिट्टी के बर्तन, शंख निर्माण (उत्पाद और कच्चा माल), सिक्के, आभूषण, हथियार, औजार, मूर्तियाँ, खेल सामग्री और जैविक सामग्री से संबंधित कलाकृतियाँ प्रदर्शित की गई हैं। नौ दीर्घाओं वाले इस संग्रहालय में 4,000 वर्गमीटर क्षेत्र में वह उत्खनन स्थल भी है, जहाँ 16-18 मीटर की गहराई तक पुरातात्त्विक अवशेष देखने को मिलते हैं। इस स्थल पर वॉक-वे शेड बनाया गया है।

## Newspaper of 18 January, 2025

- **अमेरिका के लॉस एंजिल्स में भारत अपना वाणिज्य दूतावास खोलेगा–**

भारत के विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर के अनुसार भारत जल्द ही अमेरिका के लॉस एंजिल्स में अपना वाणिज्य दूतावास खोलेगा।

## Newspaper of 19 January, 2025

- **एकेडमिक लोमोनोसोव दुनिया का इकलौता तैरता न्यूक्लियर पावर प्लांट है। 5 वर्ष से सक्रिय इस प्लांट को पहली बार रिफ्यूल किया गया है। अब तक यह 100 किलोवाट बिजली का उत्पादन कर चुका है। आर्कटिक के चुकोटका में यह 5,000 लोगों की आबादी को बिजली प्रदान करता है। खनन के लिए ऊर्जा की आपूर्ति और प्रतिदिन 2.40 लाख क्यूबिक मीटर पानी पीने लायक बनाता है।**

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

**■ भारतीय घरेलू वनडे टूर्नामेंट विजय हजारे ट्रॉफी में कर्नाटक 5वीं बार चैम्पियन बना–**

18 जनवरी, 2025 को भारतीय घरेलू वनडे टूर्नामेंट विजय हजारे ट्रॉफी में कर्नाटक ने पाँचवीं बार खिताब पर कब्जा जमा लिया है। विदर्भ के खिलाफ खेले गए फाइनल मुकाबले में कर्नाटक ने विदर्भ को 36 रन से शिकस्त दी। कर्नाटक ने अपने सभी 5 फाइनल जीते हैं। टीम ने सर्वाधिक 5 बार ट्रॉफी पर कब्जा जमाया है।

**विजय हजारे सीजन के टॉप स्कोरर**

| जगदीशन | पृथ्वी शॉ | करुण नायर |
|---|---|---|
| रन 830 (2022-23) | रन 827 (2020-21) | रन 779 (2024-25) |
| **पडीक्कल** | **मयंक** | |
| रन 737 (2020-21) | रन 723 (2017-18) | |

**Newspaper of 20 January, 2025**

**■ भारत ने पहले खो-खो वर्ल्ड कप में ऐतिहासिक प्रदर्शन करते हुए महिला एवं पुरुष दोनों टीमों ने खिताब अपने नाम किया है।**

खो-खो महिला टीम ने नेपाल टीम को 78-40 के अंतर से हराया जबकि भारतीय पुरुष टीम ने नेपाल की ही पुरुष टीम को 54-36 से हराया।

**Newspaper of 21 January, 2025**

**■ डोनाल्ड ट्रंप ने अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति के रूप में शपथ ली; जेडी वेंस उपराष्ट्रपति बने–**

20 जनवरी, 2025 को डोनाल्ड ट्रंप (78) ने अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति के रूप में शपथ ली। इन्हीं के साथ जेडी वेंस अमेरिका के उपराष्ट्रपति बने हैं।

डोनाल्ड ट्रंप 2017 के बाद दूसरी बार अमेरिका के राष्ट्रपति बने हैं। इन्हें अमेरिका के सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस जॉन रॉबर्ट्स ने कैपिटल रोटुंडा में शपथ दिलाई।

राष्ट्रपति पद की शपथ लेने के बाद ट्रंप ने कहा कि अमेरिका का पतन हो चुका है और स्वर्ण युग की शुरुआत हो चुकी है।

**Newspaper of 22 January, 2025**

**■ अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने राष्ट्रपति पद ग्रहण करते ही कई महत्त्वपूर्ण फैसले लिए;**
**– जन्मजात नागरिकता खत्म की गई।**
**– अमेरिका डब्ल्यूएचओ-पेरिस समझौते से बाहर हुआ।**

20 जनवरी, 2025 को डोनाल्ड ट्रंप ने अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति के रूप में शपथ लेते ही कई बड़े फैसलों पर हस्ताक्षर किए। इसके तहत अमेरिका में अवैध रूप से रह रहे प्रवासियों के बच्चों को अब जन्म के आधार पर नागरिकता नहीं मिलेगी। यह आदेश 30 दिनों में लागू होगा। ट्रंप ने कहा कि यह फैसला उन बच्चों की नागरिकता को सीमित करेगा, जिनकी माँ अमेरिका में अवैध रूप से मौजूद थीं और पिता अमेरिकी नागरिक या स्थायी निवासी नहीं थे। इसके अलावा, अगर बच्चे की माँ का अमेरिका में रहना कानूनी लेकिन अस्थायी था, तब भी नागरिकता नहीं मिलेगी। अमेरिका में ऐसे 16 लाख भारतीय बच्चे हैं।

इसके अलावा ट्रंप ने विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) से अलग होने का आदेश दिया है, जो 12 महीने में लागू होगा। इसका मतलब ये है कि अमेरिका अब इसे कोई फंडिंग नहीं करेगा। अमेरिका डब्ल्यूएचओ को सबसे ज्यादा फंडिंग करता है। 2023 में इस एजेंसी के बजट का 20% (करीब 11,117 करोड़ रु.) हिस्सा अमेरिका का था। ट्रंप कई बार कह चुके हैं कि अमेरिका इसे बहुत पैसा देता है जबकि इसका ज्यादा लाभ दूसरे देश उठाते हैं। पहले कार्यकाल में भी ट्रंप ने यह फैसला लिया था। बाद में बाइडेन ने इसे पलट दिया। इसी के साथ डोनाल्ड ट्रंप ने पेरिस जलवायु समझौते से भी अमेरिका को बाहर निकालने का आदेश दिया। 2017 में भी उन्होंने यह फैसला किया था, पर बाइडेन ने पलट दिया। ट्रंप चुनाव प्रचार में बाइडेन के स्वच्छ ऊर्जा क्षेत्र को बढ़ाने के प्रयासों को 'ग्रीन न्यू स्कैम' कह चुके हैं। ट्रम्प ने शपथ लेने के 6 घंटे के भीतर बाइडेन सरकार के 78 फैसले पलट दिए हैं।

**Newspaper of 23 January, 2025**

**■ केन्द्रीय कैबिनेट ने राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (NHM) को अगले पाँच वर्षों के लिए जारी रखने की मंजूरी दी–**

22 जनवरी, 2025 को केन्द्रीय कैबिनेट ने राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (NHM) को अगले पाँच वर्षों के लिए जारी रखने की मंजूरी दे दी। बैठक के बाद केन्द्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने बताया कि इस मिशन ने पिछले 10 साल में ऐतिहासिक लक्ष्य हासिल किए हैं। 2021 से 2022 के बीच लगभग 12 लाख स्वास्थ्यकर्मी इस मिशन से जुड़े। भारत ने कोविड महामारी का मुकाबला भी इसी मिशन के तहत किया।

**■ केन्द्रीय कैबिनेट ने 2025-26 सीजन के लिए कच्चे जूट के न्यूनतम समर्थन मूल्य को मंजूरी दी–**

प्रधानमंत्री की अध्यक्षता वाली आर्थिक मामलों की मंत्रिमण्डलीय समिति ने 2025-26 सीजन के लिए कच्चे जूट का एमएसपी 5650 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

है। यह अखिल भारतीय स्तर पर उत्पादन की भारित लागत से 66.8 प्रतिशत अधिक की वापसी सुनिश्चित करेगा। उल्लेखनीय है कि 2025-26 के लिए कच्चे जूट का एमएसपी पिछले विपणन सीजन 2024-25 की तुलना में 315 रुपये प्रति क्विंटल अधिक है।

- **22 जनवरी, 2025 को चुनाव आयोग द्वारा बताए गए अनुसार भारत में अब मतदाताओं की संख्या 99.1 करोड़ हो गयी है। गत वर्ष लोकसभा चुनाव के समय यह संख्या 96.88 करोड़ थी।**

चुनाव आयोग के अनुसार मतदाता सूची में 18-29 आयु वर्ग के 21.7 करोड़ युवा मतदाता हैं। इसके अतिरिक्त, 2024 में 948 के मुकाबले 2025 में जेंडर अनुपात में छह अंकों (अब 954) की वृद्धि हुई है।

## Newspaper of 24 January, 2025

- **विश्व शतरंज चैंपियन डी गुकेश भारत के सर्वोच्च रैंकिंग वाले खिलाड़ी बनें; विश्व रैंकिंग में चौथे स्थान पर पहुँचे–**

हाल ही में विश्व शतरंज चैंपियन डी गुकेश भारत के सर्वोच्च रैंकिंग वाले खिलाड़ी बन गए हैं। वे विश्व शतरंज रैंकिंग में चौथे स्थान पर पहुँच गए हैं।

## Newspaper of 25 January, 2025

- **हाल ही में आईएफएस अधिकारी जितेन्द्र पाल सिंह इजरायल में भारत के नए राजदूत नियुक्त किए गए हैं। वे पाकिस्तान, अफगानिस्तान एवं ईरान के मामलों में विशेषज्ञ माने जाते हैं। उन्होंने तालिबान के साथ तालमेल बिठाने मे महत्त्वपूर्ण भूमिका अदा की थी।**

## Newspaper of 26 January, 2025

- **वर्ष 2025 के पद्म पुरस्कारों की घोषणा की गई; 139 हस्तियों को मिलेगा पद्म सम्मान–**

25 जनवरी, 2025 को गृह मंत्रालय ने पद्म पुरस्कारों की घोषणा की। लोक गायिका शारदा सिन्हा, गायक अरिजीत सिंह, साध्वी ऋतंभरा, क्रिकेटर आर. अश्विन समेत 139 हस्तियाँ पद्म अवॉर्ड से सम्मानित होंगी। 7 हस्तियों को पद्म विभूषण, 19 को पद्म भूषण और 113 हस्तियों को पद्मश्री मिलेगा। अवॉर्ड पाने वालों में 23 महिलाएँ हैं। 10 हस्तियाँ विदेशी हैं, जबकि 13 को मरणोपरांत सम्मान दिया जाएगा। सुजुकी मोटर के पूर्व सीईओ ओसामु सुजुकी, एमटी वासुदेवन नायर को मरणोपरांत पद्म विभूषण से सम्मानित किया जाएगा। पद्मश्री पाने वालों में 100 वर्षीय स्वतंत्रता सेनानी लिबिया लोबो सरदेसाई समेत 30 गुमनाम नायक भी शामिल हैं। राजस्थान की चार हस्तियों को पद्मश्री मिला है। जयपुर की बेगम बतूल और चूरू के रिकी केज को कला, जोधपुर के शीन काफ निजाम (शिव किशन बिस्सा) को शिक्षा और साहित्य तथा सीकर के बैजनाथ महाराज को अध्यात्म के क्षेत्र में योगदान के लिए पद्मश्री मिलेगा।

- **यूपीएस की अधिसूचना जारी, 50 फीसदी पेंशन की गारंटी; 1 अप्रैल, 2025 से लागू होगी–**

हाल ही में 25 जनवरी, 2025 को सरकारी कर्मचारियों के लिए संशोधित पेंशन योजना शुरू करने के पाँच माह बाद केन्द्र सरकार ने एकीकृत पेंशन योजना (यूपीएस) लागू करने की अधिसूचना जारी कर दी। यह योजना एक अप्रैल से लागू होगी। अगस्त में शुरू की गई यूपीएस पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) और राष्ट्रीय पेंशन योजना (एनपीएस) के बीच संतुलन बनाएगी। यूपीएस गारंटीकृत पेंशन प्रदान करती है। यह योजना उन केन्द्रीय कर्मचारियों पर लागू होगी जो एनपीएस के अंतर्गत आते हैं और यूपीएस विकल्प चुनते हैं।

### यूपीएस के लिए चार शर्तें

- अधिसूचना के अनुसार, मौजूदा केन्द्रीय सरकारी कर्मचारी, साथ ही भविष्य के कर्मचारी या तो एनपीएस के तहत यूपीएस विकल्प चुन सकते हैं या यूपीएस विकल्प के बिना एनपीएस जारी रख सकते हैं।
- यूपीएस विकल्प का प्रयोग करने वाले किसी अन्य पॉलिसी रियायत, पॉलिसी परिवर्तन, वित्तीय लाभ या बाद में सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों के साथ किसी अन्य समानता आदि के हकदार नहीं होंगे।
- इस योजना में पहले ही घोषणा की गई थी कि एनपीएस के तहत आने वाले और पहले ही सेवानिवृत्त हो चुके कर्मचारियों को भी यूपीएस के तहत कवर किया जाएगा।
- मौजूदा अधिसूचना में कहा गया है कि पेंशन फंड विनियामक और विकास प्राधिकरण (पीएफआरडीए) यूपीएस का विकल्प चुनने वाले ऐसे सेवानिवृत्त लोगों के लिए एक तंत्र निर्धारित करेगा।

### पेंशन भुगतान की गणना तीन प्रकार से होगी

1. **पूर्ण सुनिश्चित भुगतान :** यह 25 या उससे अधिक वर्षों की सेवा वाले कर्मचारियों के लिए होगा। उन्हें पिछले 12 महीनों के औसत मूल वेतन की 50 प्रतिशत सुनिश्चित पेंशन मिलेगी।
2. **आनुपातिक भुगतान :** यह 25 वर्ष से कम सेवा वाले कर्मचारियों के लिए होगा।
3. **न्यूनतम गारंटीकृत पेंशन :** कम से कम 10 वर्ष की सेवा वाले कर्मचारियों को प्रति माह 10,000 रुपए का सुनिश्चित भुगतान मिलेगा।

**अन्य लाभ**

- यूपीएस सरकारी कर्मचारियों को महँगाई के रुझान के अनुरूप सेवारत कर्मचारियों के लिए महँगाई भत्ते के समान 'आवधिक महँगाई राहत' का वादा किया गया है।
- कर्मचारी की मृत्यु की स्थिति में उसके पेंशन के 60 प्रतिशत के बराबर पारिवारिक पेंशन और ग्रेच्युटी लाभों के अलावा सेवानिवृत्ति के समय एकमुश्त सेवानिवृत्ति भुगतान का भी प्रावधान है।

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 93 सैनिकों को वीरता पुरस्कार दिए; मेजर मंजीत और शहीद नायक दिलवर खान को कीर्ति चक्र, 14 को शौय चक्र दिए–

25 जनवरी, 2025 को गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर सशस्त्र बलों के 93 जवानों को वीरता पुरस्कार देने की घोषणा की गई। इनमें 2 कीर्ति चक्र और 14 शौर्य चक्र शामिल हैं। जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा की लोलाब घाटी में शहीद हुए नायक दिलवर खान को मरणोपरांत कीर्ति चक्र दिया जाएगा। वहीं, सोपोर में आंतकियों के खिलाफ अभियान के दौरान उत्कृष्ट नेतृत्व के लिए मेजर मंजीत को कीर्ति चक्र मिला है। कीर्ति चक्र भारत का दूसरा सबसे बड़ा शांतिकालीन वीरता पुरस्कार है।

48 राष्ट्रीय राइफल्स के कैप्टन दीपक सिंह, हवलदार रोहित कुमार डोगरा और कॉर्पोरल विजयकुट्टी जी को मरणोपरांत शौर्य चक्र मिला है। इसके अलावा 50 राष्ट्रीय राइफल्स के मेजर आशीष दहिया, 1 राष्ट्रीय राइफल्स के मेजर कुणाल, 4 राष्ट्रीय राइफल्स के मेजर सतेंन्द्र धनखड़ और 4 असम राइफल्स के सहायक कमांडेंट एशेंथुंग किकोन के नाम इस सूची में शामिल हैं। राष्ट्रीय द्रौपती मुर्मू ने 305 रक्षा अलंकरण भी मंजूर किए हैं। इनमें 30 परम विशिष्ट सेवा मेडल, 5 उत्तम युद्ध सेवा मेडल, 57 अति विशिष्ट सेवा मेडल, 10 युद्ध सेवा मेडल, 43 सेना मेडल (कर्तव्य के प्रति समर्पण), 8 नौ सेना मेडल (कर्तव्य के प्रति समर्पण), 15 वायु सेना मेडल (कर्तव्य के प्रति समर्पण) और 132 विशिष्ट सेवा मेडल शामिल हैं।

**Newspaper of 28 January, 2025**

## ICC सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटर के लिए खिलाड़ी चयनित हुए–

हाल ही में भारतीय टीम के स्टार गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को वर्ष 2024 के लिए ICC ने सर्वश्रेष्ठ टेस्ट क्रिकेटर ऑफ द ईयर चुना है। सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटर के लिए इंग्लैंड के जो रूट, हैरी ब्रुक और श्रीलंका के कामिंदु मेंडिस भी नामित थे तथा अफगानिस्तान के ऑलराउंडर अजमतुल्लाह ओमरजाई को पुरुष वनडे क्रिकेट ऑफ द ईयर चुना गया है।

- इसी के साथ भारत की स्मृति मंधाना ने दूसरी बार आईसीसी महिला वनडे क्रिकेटर ऑफ द ईयर का खिताब जीता।
- जसप्रीत बुमराह ने 2024 में सभी फॉर्मेट में 14.92 की औसत से 71 विकेट लिए। वे आईसीसी पुरुष टेस्ट गेंदबाज रैंकिंग में नंबर एक गेंदबाज हैं। बुमराह ने इंग्लैंड के हैरी ब्रुक और जो रूट, साथ ही आईसीसी पुरुष इमर्जिंग क्रिकेटर ऑफ द ईयर कामिंदु मेंडिस को पछाड़कर यह पुरस्कार जीता। वह 2018 में विराट कोहली के बाद ऐसा करने वाले पहले भारतीय क्रिकेटर बने हैं।
- स्मृति मंधाना को यह पुरस्कार साल 2024 में वनडे में सर्वाधिक 747 रन बनाने के लिए दिया गया है। इस 28 वर्षीय इस खिलाड़ी ने दक्षिण अफ्रीका की लौरा वोल्वार्ड्ट, ऑस्ट्रेलिया की एनाबेल सदरलैंड और 2023 की वनडे क्रिकेटर ऑफ द ईयर, श्रीलंका की चमारी अटापट्टू को पीछे छोड़ते हुए इस श्रेणी में जीत हासिल की।
- अजमतुल्लाह ओमरजाई को साल 2024 में वनडे में 417 रन 52.12 की औसत से और 17 विकेट 20.47 की औसत से लेने के लिए यह पुरस्कार दिया गया है। उन्होंने वेस्टइंडीज के शेरफेन रदरफोर्ड और श्रीलंका के कुसल मेंडिस और वानिंदु हसरंगा जैसे खिलाड़ियों को पीछे छोड़ा।

## अब एलईडी लाइट्स के सेमी कंडक्टर चिप देश में ही बनेंगे; सीएसआईआर-सीरी के वैज्ञानिकों ने विकसित की तकनीक–

हाल ही में सीएसआईआर-सीरी पिलानी के वैज्ञानिकों ने सेमी कंडक्टर चिप बनाने की तकनीक विकसित कर ली है। यह चिप लाल, नीली, हरी और सफेद रंग की लाइट देने में सक्षम है। स्वदेशी सेमी कंडक्टर एलईडी तकनीक से बिजली की खपत कम होगी और ऑटोमोबाइल, चिकित्सा उपकरण, कृषि अनुप्रयोग, संचार प्रौद्योगिकी, रक्षा और अंतरिक्ष जैसे क्षेत्रों में बहुत सहायक साबित होगी। बता दें कि सेमीकंडक्टर्स को प्रोडक्ट्स का दिल माना जाता है। सेमी कंडक्टर क्षेत्र में अकेले ताइवान की 63% हिस्सेदारी है। सीएसआईआर सीरी के निदेशक डॉ. पीसी पंचारिया ने बताया कि संस्थान अब इस प्रोजेक्ट के प्रौद्योगिकी हस्तांतरण की दिशा में आगे बढ़ रहा है। प्रोजेक्ट से जुड़े सीनियर साइंटिस्ट डॉ. कुलदीप सिंह ने बताया कि अब चिप का निर्माण देश में ही सम्भव हो पाएगा। कई क्षेत्रों में क्रांतिकारी बदलाव होंगे।

## इसी साल शुरू होगी कैलाश मानसरोवर यात्रा; भारत-चीन में बनी सहमति, भारत और चीन के मध्य सीधी फ्लाइट भी शीघ्र शुरू होगी–

भारत और चीन के बीच इसी साल गर्मियों में कैलाश मानसरोवर यात्रा शुरू हो जाएगी। इसके साथ ही दोनों देश सैद्धांतिक तौर पर सीधी फ्लाइट शुरू करने को लेकर सहमत हो गए हैं। चीन में विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री और चीन के उप विदेश मंत्री सुन वीडोंग के बीच द्विपक्षीय बातचीत में कई फैसले लिए गए। भारतीय विदेश मंत्रालय के मुताबिक कैलाश मानसरोवर यात्रा के शुरू होने से पहले इससे जुड़े मैकेनिज्म पर चर्चा भी होगी। डोकलाम विवाद के बाद कैलाश मानसरोवर यात्रा को रोक दिया गया था। इसी तरह देशों के बीच सीधी उड़ान के मामले के मद्देनजर दोनों देशों की टेक्निकल ऑथोरिटी मिलकर फ्रेमवर्क तय करेगी। ट्रांस बॉर्डर नदियों के डेटा को लेकर भी विशेषज्ञों की ओर से होने वाली चर्चा को जल्द शुरू करने पर सहमति बनी है।

## ■ वक्फ संशोधन बिल को जेपीसी की हरी झंडी, 14 बदलाव मंजूर किए–

27 जनवरी, 2025 को संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) ने वक्फ अधिनियम को लेकर 14 प्रस्तावों को मंजूर कर लिया। संशोधन विधेयक पिछले साल अगस्त में पेश किया गया था। इस पर विचार के लिए भाजपा के जगदम्बिका पाल के नेतृत्व में जेपीसी का गठन किया गया था।

### संशोधन के प्रस्ताव

- जमीन पर दावा करने वाला व्यक्ति सिविल कोर्ट और हाईकोर्ट में अपील कर सकेगा। वर्तमान में वक्फ ट्रिब्यूनल में ही अपील कर सकते हैं।
- ट्रिब्यूनल के फैसले के खिलाफ हाईकोर्ट में अपील की जा सकेगी।
- जब तक संपत्ति दान नहीं की जाती, वक्फ की नहीं होगी।
- वक्फ बोर्ड में दो महिलाओं व दो अन्य धर्म के लोग सदस्य हों। अभी महिलाएँ व अन्य लोग बोर्ड से दूर हैं।

## ■ सनातन हिंदू बोर्ड बनाने का प्रस्ताव पास–

27 जनवरी, 2025 को महाकुंभ में संतों के एक वर्ग की ओर से आयोजित धर्म संसद में वक्फ बोर्ड की तर्ज पर सनातन हिंदू बोर्ड बनाने व 200 मंदिरों का प्रशासन-प्रबंधन इसे सौंपने की माँग का प्रस्ताव पारित किया गया। धर्म संसद में कथावाचक देवकीनंदन ठाकुर ने कहा कि सनातनी हिंदू बोर्ड अधिनियम पर धार्मिक नेताओं की सहमति के बाद इसे सरकार को भेजा जाएगा। धर्म संसद में पहले अखाड़ा परिषद् शामिल होने वाली थी लेकिन ऐन वक्त पर आयोजन से अलग हो गई। अखाड़ा परिषद् के अध्यक्ष महंत रवींद्र पुरी ने कहा कि सनातन बोर्ड से पहले वक्फ बोर्ड भंग करना ज्यादा जरूरी है।

**Newspaper of 29 January, 2025**

## ■ भारत की 19 वर्षीय सलामी बल्लेबाज त्रिशा गोंगडी अंडर-19 विश्व कप में शतक लगाने वाली पहली बल्लेबाज बनीं–

भारत की 19 वर्षीय सलामी बल्लेबाज त्रिशा गोंगडी ने इतिहास रचते हुए कुआलालंपुर में खेले जा रहे महिला अंडर-19 टी-20 क्रिकेट विश्व कप में ताबड़तोड नाबाद शतकीय पारी खेली। वह इस विश्व कप के इतिहास में शतक लगाने वाली पहली बल्लेबाज बन गई हैं। उनकी शानदार पारी से भारतीय टीम ने मंगलवार को सुपर-6 के ग्रुप-ए मुकाबले में स्कॉटलैंड को 150 रन से करारी शिकस्त देते हुए सेमीफाइल में जगह पक्की कर ली है। यह भारत की रनों के लिहाज से इस टूर्नामेंट में सबसे बड़ी जीत है।

भारतीय ओपनर त्रिशा ने 59 गेंदों में 110 रन की नाबाद पारी खेली और प्लेयर ऑफ द मैच बनीं। उन्होंने 13 चौके और चार छक्के लगाए। उन्होंने ओपनर जी कमलिनी के साथ 147 रन की ओपनिंग साझेदारी भी की। कमलिनी ने 42 गेंदों में नौ चौकों के साथ 51 रन की शानदार पारी खेली।

### 200 रन बनाने वाली भारत पहली टीम

स्कॉटलैंड ने टॉस जीता और पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। भारतीय टीम ने एक विकेट पर 208 रन बनाए और इस टूर्नामेंट में 200 रन का आंकड़ा पार करने वाली पहली टीम बनी। जवाब में स्कॉटलैंड की टीम 14 ओवर में सिर्फ 58 रन पर पवेलियन लौट गई। भारत की ओर से आयूषी शुक्ला ने सर्वाधिक चार विकेट चटकाए।

## ■ आईसीसी महिला अवॉर्ड्स 2024 न्यूजीलैंड की अमेलिया केर सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुनी गईं; पहली बार न्यूजीलैंड को मिला खिताब–

न्यूजीलैंड की अमेलिया केर ने आईसीसी महिला क्रिकेटर ऑफ द ईयर की प्रतिष्ठित राचेल हेहो फ्लिंट ट्रॉफी जीतकर इतिहास रच दिया है। वे ये पुरस्कार जीतने वाली न्यूजीलैंड की पहली महिला क्रिकेटर हैं। 2024 में महिला टी20 विश्व कप में उनका प्रदर्शन शानदार रहा, जहाँ उन्होंने टीम को पहली आईसीसी ट्रॉफी दिलाने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा 15 विकेट लेकर एक नया रिकॉर्ड बनाया और प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट रहीं।

## ■ नोएडा के नौवीं के छात्र दक्ष मलिक ने की नए क्षुद्रग्रह की खोज, नाम भी वही रखेगा–

हाल ही में नोएडा के शिव नाडर स्कूल के नौवीं के छात्र दक्ष मलिक (14) ने एक क्षुद्रगह (एस्टेरॉयड) की खोज की है।

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

उसने अमरीकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा के इंटरनेशनल एस्टेरॉयड डिस्कवरी प्रोजेक्ट (आइएडीपी) के तहत यह उपलब्धि हासिल की। पिछले साल उसने इसकी प्रारंभिक जानकारी नासा को भेजी थी। नासा ने इसे 'मेन बेल्ट क्षुद्रग्रह' के रूप में मान्यता दी है। फिलहाल इसका अस्थायी नाम '2023-ओजी40' रखा गया है। नासा ने दक्ष को ही इसका नाम रखने का मौका दिया है। क्षुद्रग्रह छोटे तारे हैं, जो सूर्य के चारो ओर चक्कर लगाते हैं। ये मुख्य रूप से मंगल और बृहस्पति ग्रह के बीच की बेल्ट में पाए जाते हैं।

**उल्लेखनीय है कि हर साल हजारों में से कुछ को कामयाबी–**आइएडीपी में आम लोग व विद्यार्थी नासा के सॉफ्टवेयर डेटा से नए क्षुद्रग्रह ढूँढ सकते हैं। यह सिटीजन साइंस प्रोजेक्ट का हिस्सा है। हर साल दुनियाभर के हजारों लोगों में से कुछ ही बड़ी खोज कर पाते हैं।

## Newspaper of 31 January, 2025

- **भारत अगले 10 माह में अपना एआई मॉडल लॉन्च करेगा; ₹10,370 करोड़ खर्च होंगे–**

2 जनवरी, 2025 को केन्द्रीय सूचना और प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि 10,370 करोड़ रुपए के इंडिया एआई मिशन के हिस्से के रूप में खुद का बड़ा घरेलू भाषा मॉडल (लॉर्ज लैंग्वेज मॉडल यानी एलएलएम) तैयार किया जाएगा। इसे दस महीने में लॉन्च कर दिया जाएगा।

अश्विनी वैष्णव ने बताया कि सरकार ने 10 कंपनियों का चयन किया है जो घरेलू एआई मॉडल के लिए 18,693 ग्राफिक्स प्रोसेसिंग यूनिट (जीपीयू) उपलब्ध कराएंगे। यह एक उच्च स्तरीय चिप है जो मशीन लर्निंग टूल बनाने के लिए जरूरी है। इनका इस्तेमाल एआई आधारभूत ढाँचा विकसित करने के लिए किया जा सकता है। हाल में चीन की कंपनी डीपसीक आर-1 लॉन्च कर अमरीकी चैटजीपीटी के वर्चस्व को चुनौती दी थी। अब भारत दोनों को चुनौती देगा।

### घरेलू एआई मॉडल में क्या है खास

**150 रुपए प्रति घंटा आएगी लागत–**उच्च स्तरीय जीपीयू तक पहुँचने की लागत 150 रुपए प्रति घंटा होगी निम्न स्तरीय जीपीयू का उपयोग करने पर 115.85 रुपए प्रति घंटा लागत आएगी।

**सरकार देगी 40 फीसदी सब्सिडी–**अश्विनी वैष्णव ने बताया कि इन सेवाओं तक पहुँच को और आसान बनाने के लिए सरकार अंतिम उपयोगकर्ताओं को कुल कीमत पर 40 फीसदी सब्सिडी देगी।

**चुकाना होगा एक डॉलर प्रति घंटा**–वैश्विक स्तर पर जीपीयू एक्सेस करने की लागत 2.5-3 डॉलर प्रति घंटा है। भारत में सब्सिडी के बाद प्रति घंटे के लिए करीब एक डॉलर चुकाना होगा।

**पहले कृषि, क्लाइमेट व विकलांगता**–सरकार ने पहले दौर की फंडिंग के लिए 18 एप्लीकेशन-लेवल एआई सॉल्यूशन भी चुने हैं। ये एप्लीकेशन कृषि, लर्निंग डिसेबलिटी (विकलांगता से सीखने में दिक्कत) और जलवायु परिवर्तन के क्षेत्रों पर केन्द्रित हैं।

- **हाल ही में अहमद अल-शरा को सीरिया का अंतरिम राष्ट्रपति घोषित किया गया है। अहमद अल-शरा अन्तर्राष्ट्रीय मंचों पर देश का प्रतिनिधित्व करेंगे। गौरतलब है कि अहमद अल-शरा सीरियाई राष्ट्रपति बशर अल-असद को अपदस्थ करने वाले विद्रोही समूह तहरीर अल-शाम (एचटीएस) के नेता हैं।**

□□□

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

# संजीव®

**49 वर्षों से आपका विश्वसनीय**

## आपकी सफलता में सदैव आपका सहयोगी

## कैलाश नागौरी की शिक्षक भर्ती परीक्षा हेतु संजीव प्रकाशन द्वारा प्रकाशित हिन्दी की प्रसिद्ध पुस्तकें बाजार में उपलब्ध
















## संजीव प्रकाशन की अन्य उपयोगी पुस्तकें

























संजीव प्रकाशन

Join Our Telegram

**संजीव Telegram चैनल एवं Website से परीक्षा उपयोगी पाठ्य सामग्री निःशुल्क प्राप्त करें। साथ ही संजीव वेबसाइट से आप Books एवं E-Books भी खरीद सकते हैं।**

प्रकाशक–संजीव प्रकाशन, जयपुर

Visit us at : www.sanjivprakashan.com